HGH INDIA® 2022

HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

July 12-15, 2022

INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA, DELHI NCR

NEWS 2

A TEXZONE Event

www.hghindia.com

Where business feels at home!

# असीमित इनोवेशन्स!

असीमित इनोवेशन्स! उत्पादों, डिजाइन, रंगों तथा सामग्रियों में.... होम टेक्स्टाइल्स, होम डेकॉर, होम फर्नीचर, एरिया रग्स, फ्लोर कवरिंग्स, हस्तशिल्प, आउटडोर, हाउसवेयर, कुकवेयर, किचनवेयर और उपहार.... हर श्रेणी में असीमित इनोवेशन्स....एचजीएच इंडिया, २०२२, ११वें संस्करण में अनेक नई संकल्पनाओं को पेश किया जाएगा, और कारोबार के लिए नई दिशा पेश की जाएगी।

होम फैशन ट्रेंड्स पर अधिक ध्यान केन्द्रित केन्द्रित करते हुए, अग्रणी डिजाइनर्स, निर्यातकों, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं और अग्रणी प्रोडक्शन सेंटर से बहुत अधिक कुशलता प्राप्त मैन्यूफैक्चर्स की भागीदारी के साथ, एचजीएच इंडिया, २०२२ नए स्रोतों और नई सामग्रियों की खोज़ की एक नई राह साबित होगी।

पहली बार १०० से अधिक नए प्रदर्शकों द्वारा अपनी रेंज को एचजीएच इंडिया में प्रदर्शित किया जाएगा, जिनके साथ ३०० नियमित प्रदर्शक आने वाली दीवाली तथा त्यौहारी मौसम के लिए अपने नए कलेक्शन्स को लांच करने जा रहे हैं, तो ऐसे में विजिटर्स द्वारा इनोवेशन्स तथा सोर्सिंग की स्थिरता के बेहतर संयोजन का अनुभव प्राप्त किया जा सकेगा।

अग्रणी फर्निशिंग फैब्रिक्स तथा होम टेक्स्टाइल्स ब्रांड्स ने प्रतिष्ठित डिजाइनर्स के साथ समझौता किया है अथवा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड से लाइसेंस प्राप्त किया है। साझेदारी के साथ विकसित की गई कलेक्शन जैसे रूमर्स के साथ सुनीत वर्मा डेकॉर, एफ एंड एफ के साथ रितु कुमार होम, बियांका के साथ नौटिका तथा एक्सेल वॉलपेपर्स के साथ टॉइल इंडिऐन को एचजीएच इंडिया, २०२२ में लांच किया जाएगा। ये रिटेलर्स के लिए खास बिजनेस अवसर प्रस्तुत करेंगे जिनमें वे प्रीमियम डिजाइनर लेबल्स तथा होम टेक्स्टाइल्स, फर्निशिंग तथा डेकॉर के ब्रांड्स को अपने स्टोर के प्रोफाइल में शामिल कर सकेंगे। इसके अलावा, सुस्थापित फर्निशिंग फैब्रिक्स,


स्पिन डेकॉर


बेलाजियो


यूनाइटेड एकता


बोहरा मार्केटिंग


एक्सेल वॉलकवरिंग्स


आद्यम हैंडओवेन

अपहोल्स्टरी, लेदर और लेदरेट प्लेयर्स, एफ एंड एफ, जय दुर्गा, हरित इंडस्ट्रीज़, असादीप फर्निशिंग, मार्विन लेदर्स, क्लासिक लेमिटेक्स, तथा टॉपलाइन द्वारा रिटेलर्स के लिए अपनी नई कलेक्शन को पेश किया जाएगा। वॉलपेपर्स ब्रांड जैसे मार्शल, एक्सेल होम डेकॉर, तथा विस्डम भी अपनी नवीनतम ऑफरिंग्स को पेश करेंगे।

बेड और बाथ तथा डेकोरेटिव मेड-अप्स विजिटर्स ताज़गी भरी नई रेंज को प्राप्त कर पाएंगे। बुटीक लीविंग, लेयर्स, स्प्रेड होम, पेनो, प्रीमियर फाइन लिनेन, के.जी. लिनेन, बियांका, बेलाजियो, बेला कासा, लाकासा द्वारा अलग-अलग फैब्रिक्स, फिनिशेस, डिजाइन, प्रिंट्स और स्टाइल्स की विस्तृत रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा। ऑब्सेशन्स तथा श्रेनो जैसे ब्रांड्स द्वारा रग्स, बाथ एक्सेसरीज़, बाथ मैट्स, तथा डस्टबिन की नवीनतम रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा।

वीव क्राफ्ट, सुप्रीम इंडस्ट्रीज़, स्प्रैड होम, क्रिस्टल फर्नीटेक, नोलारम द्वारा पहली बार आउटडोर तथा इनडोर फर्नीचर की विस्तृत रेंज, छोटा फर्नीचर, किड्स फर्नीचर तथा हाउसहोल्ड यूटिलिटी आइटम्स की विस्तृत श्रृंखला को पेश किया जाएगा जिनकी अब ग्राहकों के लिए अपनी ऑफरिंग्स को पूरा करने के उद्देश्य से फर्निशिंग रिटेलर्स को अधिक से अधिक ज़रूरत पड़ने लगी है।

विभिन्न देशों से अनेक भारतीय आयातकों द्वारा इनोवेटिव वॉलपेपर्स, ब्लाइंड्स, विंडो आटोमेशन, वाल और टेबल डेकॉर, आधुनिक जीवनशैली तथा डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, वुडन और सिंथेटिक फ्लोर कवरिंग्स, बेड तथा बाथ लिनेन, डेकोरेटिव मेड-अप्स के साथ-साथ हस्तशिल्प, रग्स, को ऑफर किया जाएगा।

भारत के भीतर से ही, भली भांति प्रोडक्शन सेंटर्स जैसे जोधपुर, जयपुर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, खुर्जा, सहारनपुर, आगरा, भदोही, जम्मू और कश्मीर तथा विभिन्न अन्य विशेषज्ञ केन्द्रों से सैकड़ों मैन्यूफैक्चर्स द्वारा समकालीन और परम्परागत होम टेक्स्टाइल्स, डेकोरेटिव मेड-अप्स, के साथ-साथ हस्तशिल्प, रग्स, अपहोल्स्टर्ड फर्नीचर, केन तथा बैम्बू उत्पादों, धातु, लकड़ी, सेरामिक, ग्लास, कॉयर, जूट, रिसाइकल्ड सामग्रियों तथा विभिन्न प्राकृतिक तथा मानव निर्मित सामग्रियों की रुचिकर रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा।

हाउसवेयर श्रेणी में अनेक अग्रणी ब्रांड्स द्वारा रिटेल ट्रेड, संस्थागत और साथ ही कार्पोरेट गिफ्टिंग मार्केट के लिए अपने नए कलेक्शन रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा। उदाहरण के लिए स्टोरेज और हाउसवेयर में सेलो, सिग्नोरावेयर, रॉक्स, जयपी, एशियन, फ्रीलांस, हैर्स, प्लासेरो, पिपल, हेरेविन, बोनजोर; कुकवेयर में हॉकिन्स, विनोद, यूनाइटेड एकता, भालारिया, स्तहल, महाराजा, ओके, मेयर; किचनवेयर में ग्रेसी, रत्ना, रैमसंस टेबलवेयर में एफएनएस, रैमसन, कोरेल्ले, नैचमैन, क्ले क्राफ्ट, ल्यूमिनार्क, पसाबाहसे, इवेओ, सोनाकी, सुपरवेयर तथा डाइनवेल तथा विभिन्न हाउसवेयर श्रेणियों में अन्य अनेक आयातकों, ब्रांड्स और मैन्यूफैक्चर्स द्वारा अपनी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कलेक्शन के साथ विस्तृत सोर्सिंग संभावनाओं को प्रस्तुत किया जाएगा।

खास उत्पादों की उम्मीद तथा प्रतिस्पर्धियों से आगे बने रहने की ज़रूरत के कारण, भारत में ५०० से अधिक शहरों और कस्बो और साथ ही २४ अन्य देशों के हजारों रिटेलर्स, वितरक, होलसेलर्स, गिफ्ट आपूर्तिकर्ता, संस्थागत और ट्रेड क्रेताओं द्वारा अपनी विजिट के लिए पहले से ही रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। क्या आपने करवाया है?

नव-प्रवर्तन ■ ट्रेंड्स ■ उत्पाद ■ सोर्सेज ■ अवसर

# एचजीएच इंडिया २०२२ में फर्निशिंग वियर डिजाइनर लुक

भारत के जाने-पहचाने डिजाइनर रितु कुमार और सुनीत वर्मा घर को एक जीवन्त, हाई फैशन श्रेणी में बदलने में अग्रणी भूमिका अदा कर रहे हैं।



फर्निशिंग फेब्रिक्स से लेकर बेड कवर्स, कुशन कर्टेंस, पर्दे, टेबल और किचन लिनेन से लेकर टेबलवेयर तथा डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, हर चीज को भली-भांति समन्वित रंग, डिजाइन तथा मेटेरियल्स स्टोरी के रूप में पेश किया जाएगा, जिससे पूरे लिविंग रूम, बेड रूम या डाइनिंग रूम, जैसा भी मामला हो, में पूरी तरह से समन्वय और डिजाइनर लुक आएगा।

भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा अच्छे डिजाइन के प्रति अपनी बेहतर सोच और संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करने में जागरूक होने और जानकारी रखने के परिणामस्वरूप, फर्निशिंग फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ तथा हाउसवेयर उत्पादों को खरीदने के लिए उनका दृष्टिकोण कार्यात्मक खरीद से उनके घरों को क्यूरेट करने के लिए बदल रहा है। जैसाकि विकसित देशों में होता है, फैशन डिजाइनर्स द्वारा इन सभी उत्पादों को फंक्शनल वस्तुओं से परिवर्तित करके घर के स्वामी के व्यक्तित्व और सोच के भली-भांति डिजाइन किए गए समन्वित अभिव्यक्ति में बदलने में अधिक से अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

एचजीएच इंडिया २०२२ में रितु कुमार और सुनीत वर्मा जैसे प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर्स की पहले बार इसमें भागीदारी से इस दिशा में एक बेहतर शुरूआत देखने को मिलेगी। रितु कुमार ने दिल्ली के अग्रणी होम फर्निशिंग तथा डेकॉर ब्रांड यानि एफ एंड एफ के साथ समझौता किया है। आरम्भ में रितु कुमार होम द्वारा पूरी तरह से समन्वित डिजाइनर कलेक्शन्स को प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें फर्निशिंग फैब्रिक्स, वाल पेपर, डेकोरेटिव मेड-अप्स जैसे बेड कवर्स, कुशन कवर्स, थ्रोस से लेकर डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ जैसे कैंडल स्टैंड, एरोमा आदि से लेकर टेबलवेयर जैसे डिनरवेयर, कटलरी, ग्लासवेयर शामिल होंगे और इनको एक दूसरे के अनुपूरक रूप में डिस्प्ले किया जाएगा।

एफ एंड एफ द्वारा उपलब्ध कराए गए मजबूत वितरण और मार्केटिंग और किफायती कीमतों के साथ, यह प्रस्तुतीकरण होम केटेगरी में डिजाइनर्स, ब्रांड्स और रिटेलर्स के बीच में एसोसिएशन के क्षेत्र में सुनिश्चित रूप से क्रांति ला देगा।

सुनीत वर्मा द्वारा बैंगलूरू की रूमर्स के साथ अपने खास डिजाइन और तैयार किए गए सुनीत वर्मा डेकॉर फर्निशिंग फैब्रिक्स कलेक्शन के साथ अपनी होम यात्रा की शुरूआत की जाएगी। रूमर्स द्वारा अपने वर्टिकली इन्टेग्रेटेड प्लांट के साथ, सभी फाइबर्स में उच्च गुणवत्तायुक्त फर्निशिंग फैब्रिक्स की मैन्यूफैक्चरिंग और निर्यात का गहना अनुभव धारण किया जाता है, और इसी की वजह से सर्वाधिक जटिल और सृजनात्मक डिजाइन को बनाना संभव हो पाता है।

सुनीत वर्मा और रूमर्स की संयोजित ताकत के परिणामस्वरूप फर्निशिंग फैब्रिक्स में एक नया पहलू पेश किया जाएगा। सुनीत वर्मा के डेकोर कलेक्शन को एचजीएच इंडिया द्वारा १२ जुलाई की शाम को आयोजित नेटवर्किंग कॉकटेल एंड डिनर के दौरान फैशन शो के माध्यम से पेश किया जाएगा, जिसमें केवल चुनिंदा रिटेलर्स को ही निमंत्रण के आधार पर प्रवेश की अनुमति होगी।

## भारतीय विरासत

हस्तशिल्प । खादी। कॉयर। जूट





भारत के हस्तशिल्प, हैंडलूम, खादी, जूट, कॉयर, बाम्बू सेक्टर डिजाइनर्स, रिटेलर्स, ब्रांड्स और होम टेक्स्टाइल्स, होम डेकॉर, रग्स, फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट उत्पादों में अद्वितीय डिजाइन और सामग्री की तलाश करने वाले सभी लोगों के लिए एक खजाना है। उपरोक्त श्रेणियों में भारतीय हस्तशिल्पियों और बुनकरों की कभी न खत्म होने वाली योग्यता को अभी तक भारतीय रिटेलर्स द्वारा एक्स्प्लोर नहीं किया गया है और उनके स्टोर्स के लिए प्रीमियम कलेक्शन तैयार करने के लिए ये एक बहुत बड़ा अवसर है।

एचजीएच इंडिया द्वारा २०१८ से ब्रांड इंडियन हेरिटेज के अंतर्गत इन बहुमूल्य विरासत उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है और ५०० से अधिक शहरों और कस्बों से भारतीय कलाकारों को रिटेलर्स, इंटेरियर डिजाइनर्स, तथा संस्थागत क्रेताओं के साथ जोड़ा जा रहा है। इंडियन हेरिटेज में व्यक्तिगत कम्पनियों, एसोसिएशनों, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल्स, सरकारी एजेन्सियों तथा विकास बोर्डों द्वारा भागीदारी शामिल होती है। इन उत्पादों को थीम पवेलियन्स और ट्रेंड्स पवेलियन के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है। इसके अलावा, एचजीएच इंडिया द्वारा प्रायोजित इंडियन हेरिटेज पवेलियन में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कारीगरों और बुनकरों द्वारा वूड कार्विंग, हैंड पेंटिंग, पेंटिंग, मेटल एनग्रेविंग, पॉटरी, एम्ब्रोइडरी, कार्पेट वीविंग आदि जैसे उनके क्राफ्टिंग कौशल का लाइव डेमोंस्ट्रेशन, विजिटरों को इन शिल्पों की जटिलता और नज़ाकत को समझने में मदद करते हैं।

वस्त्र मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हैंडलूम तथा ईपीसीएच, एनडीसी, एनईसीटीएआर, एनएचडीसी, ईयूपीईए, आईआईसीटी, एपीएचडीसी, नेशनल जूट बोर्ड तथा कॉयर बोर्ड जैसे संगठनों की गहन सहायता से, ये अपने सदस्यों और एमएसई के माध्यम से एचजीएच इंडिया २०२२ में इंडियन हेरिटेज आर्ट्स और हस्तशिल्प के छिपे हुए खजाने को प्रस्तुत किया जाएगा।

# रितु कुमार तथा एफ एंड एफ में समझौता







**रितु कुमार होम की संकल्पना क्यों की गई थी?**

इंडियन टेक्सटाइल्स को फिर से खोजने और पुनर्स्थापित करने के लिए ५० साल पहले इसकी स्थापना के बाद से रितु कुमार का जुनून ब्रांड की मुख्य विशेषता रहा है। नाम पर आधारित लेबल से २०२० में, भारतीय परम्परागत टेक्स्टाइल्स, आर्किटेक्चर, तथा मोटिफ पर एक समकालीन रूप में में रितु कुमार होम की शुरूआत की गई। इसके अंतर्गत बेड लिनेन, वॉलपेपर्स, टेबलवेयर तथा होम डेकॉर की विस्तृत रेंज को फीचर किया गया है। इस सीज़न के कलेक्शन में किसी भी व्यक्ति के घर के सबसे आरामदायक कोने के लिए वर्सेटाइल तथा मॉडर्न सेलेक्शन को शामिल किया गया है और इसकी जड़े गहराई तक भारतीय हस्तशिल्प कला से जुड़ी हुई हैं।

**ब्रांड की विचारधारा**

रितु कुमार होम द्वारा घरों के लिए ऐसी सुविधाजनक लग्ज़री को परिभाषित किया गया है जो अपनी कहानी खुद बयान करती है। श्रेष्ठ नजरिये के साथ यह गर्मियों के लंबी अवधि का अहसास, और सर्दियों की ढलती रातों, और कलकत्ता की स्ट्रीट एवेन्यूज़ में मौज-मस्ती भरी सैर की याद दिलाती है, जो आकर्षक विक्टोरिया मेमोरियल तक जा कर खत्म होती है। यह आपको मानसून के दिनों की हल्की ध्वनि तथा किसी शांत हिस्से में सुबह की याद दिलाती है, जिसकी चाहत तो अनेक लोग रखते हैं, लेकिन यह उपलब्ध बहुत ही कम लोगों को होती है।

**सहयोग**

एफ एंड एफ, जो कि प्रीमियम होम टेक्स्टाइल्स तथा फर्निशिंग के क्षेत्र में एक अग्रणी ब्रांड और वितरक हैं, द्वारा रितु कुमार के साथ नए रिश्तों को यह कह कर समुचित रूप से प्रस्तुत किया गया कि, ''हमें प्रसिद्ध रितु कुमार फैशन ब्रांड के साथ – फर्निशिंग फैब्रिक्स की नई पेशकश, वॉलपेपर्स, बैडिंग तथा क्रॉकरी को पेश करने पर गर्व हो रहा है। दो साल से अधिक की चर्चा, विचार और बहस के बाद, दोनो ब्रांड्स ने मिलजुलकर काम करने का निर्णय किया और होम इंटेरियर उत्पादों की चुनिंदा रेंज के निर्माण की दिशा में मिलजुल कर काम करने का फैसला किया। और इसके परिणामस्वरूप रितु कुमार की सृजनशील डिजाइन संवेदनशीलता तथा एफ एंड एफ की गहरी तकनीक उत्पाद जानकारी का संयोजन हुआ है जिसके साथ इसका भारत में वितरण सालों का अनुभव भी शामिल किया गया है। इस सहयोग के साथ, दोनों ब्रांड, परम्परागत भारतीय सौन्दर्यपरकता का समारोह मनाना चाहते हैं और अधिक किफायती कीमतों पर लग्ज़री युक्त इंटेरियर्स के नए एवेन्यूज़ को तैयार करना चाहते हैं।

रितु कुमार के परिप्रेक्ष्य से, एफ एंड एफ के साथ सहयोग से ब्रांड की पहुंच उन लोगों तक पहुंचाई जा सकेगी जिनके पास इसकी पहुंच अभी तक नहीं हैं और बेडशीट्स, अप्होल्स्टरी आदि की विस्तृत रेंज को ऑफर करते हुए इसके फुटप्रिंट में विस्तार किया जा सकेगा।

**रितु कुमार होम कलेक्शन्स**

प्रत्येक कलेक्शन स्वदेशी कला के प्रति श्रद्धांजलि है तथा अधिकांश कलेक्शन भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से किया गया है, और उनमें से कुछ को एक दूसरे के साथ मिक्स कर दिया गया है और लाइन को अधिक समकालीन बना दिया गया है। रितु कुमार होम कलेक्शन के पीछे प्रेरणा अनेक पीढ़ियों से संबंधित टेक्स्टाइल्स से ली जाती है और इसका अनुसंधान और पुन:सृजन संग्रहालय गुणवत्ता युक्त भारतीय टेक्सटाइल्स से किया जाता है।

कश्मीर से जमावर शॉल की परम्परा, तथा नवाबों के शहर लखनऊ और वहां की हवेलियों की जालियों से लेकर मसूलीपट्टनम की विशिष्ट हस्तशिल्प तथा वेजिटेबल प्रिंटेड कलमकारी– एक शिल्प जो अपने शैली युक्त प्लांट तथा एनिमल मोटिफ्स के साथ कभी भी पुरानी नहीं पड़ सकती है। राजस्थान के सांगानेर तथा बागड़ू परम्परा के खजानों पर बहुत गहन शोध किया गया है और साथ ही उनका पुन:सृजन भी किया गया है।

रितु कुमार होम अपने टेक्सचर्स तथा रंगों के कारण मानवीय संवेदनाओं के लिए एक आकर्षण भी है; जिसमें क्रेक्ड व्हाइट पोर्सेलिन, मैरीगोल्ड यैल्लो, डस्टी रोज़ तथा मेंहदी से लेकर मीनाकारी ज्वेल टोन्स सभी शामिल हैं। अपने आप में रंग रस्टिक और ऑर्गेनिक दोनों ही हैं तथा ये वेजिटेबल डाई किए गए आधारों से प्रेरित हैं।

रितु कुमार होम की तरफ से उत्तम कलेक्शन, जिसे एचजीएच इंडिया २०२२ में एफ एंड एफ के साथ लांच किया जाएगा, जिसे देखकर विजिटर्स को ऑर्नेट टेपेस्ट्रीज़ तथा एम्ब्रायडरी युक्त लिनेन से ड्रेस्ड मुगलकालीन चैम्बर्स तथा टेंट की याद आ जाएगी। फ्लोरल बट्टीज़ और एम्ब्रायडरी को दर्शाता है, बेड लिनेन, कंबल और कुशन आदि के लिए प्रेरणा मुगलों की सौंदर्यपरकता और सदियों पुरानी उनके ब्लॉक प्रिंट्स की संरक्षता से ली गई है। यह कलेक्शन लग्ज़री तथा सुविधा को दर्शाता है, जिसकी संरचना प्लश कॉटन ब्लेंड्स जैसे की सैटिन, वॉयल और टेक्सचर्ड कॉटन के साथ की गई है।

उत्तम कलेक्शन का वास्तविक सौन्दर्य यह है कि डिजाइन और कलर्स क्रॉकरी, बैडिंग, कुशन तथा टेबल लिनेन जैसे सभी उत्पाद श्रेणियों में समान रूप से देखने को मिलती है, इसलिए आप संपूर्ण समन्वित कलेक्शन को चुन सकते हैं या रितु कुमार जैसे डिजाइनर लेबल के लिए किसी एक आइटम को बहुत किफायती कीमत पर चुन सकते हैं । प्रगतिशील रिटेलर्स के लिए अपने स्टोर को डिज़ाइनर युग में अपग्रेड करने का यह एक बड़ा अवसर हो सकता है।

**रितु कुमार**

## भारतीय फैशन के पथ-प्रदर्शक



रितु कुमार ने १९६० के दशक में अपनी यात्रा की शुरूआत लेडी इरविन कॉलेज में कला इतिहास के छात्र के तौर पर की थी। कलकत्ता में म्यूजियोलॉजी का अध्ययन करते हुए, उन्हें पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव सेरामपुर में जाना पड़ा। वहां पर होने के दौरान उनको हैंड ब्लाक प्रिंटर्स की एक छोटी सी कालोनी देखने को मिली जिनके पास करने के लिए कोई काम नहीं था। उसने प्रिंटर्स को डिजाइन दिए, जिस पर उन्होंने काम करना शुरू किया तथा इस प्रकार एक छोटे से उद्यम की शुरूआत हुई। इस प्रयास के परिणामस्वरूप आकर्षक हैंड-ब्लॉक प्रिंटेड साड़ी प्राप्त की गई। कोलकाता में कुछ प्रदर्शनियों के बाद, बहुत ही कम समय में उनके डिजाइनों ने भारत में और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना ली थी।

१९९० के उदारवाद के युग में, जब भारत द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिए गए थे, रितु कुमार द्वारा मिस इंडिया के विजेताओं के लिए आधिकारिक डिजाइनर के रूप में काम किया गया। यह वह महत्वपूर्ण तरीका था जिसके माध्यम से भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सौन्दर्य और फैशन स्टेज पर अपनी उपस्थिति को दर्ज करवाया गया।

रितु कुमार, जिनकी पहचान वैश्विक स्तर पर भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक सम्मानीय डिजाइनर के रूप में की जाती है, को फैशन, टेक्सटाइल और क्राफ्ट्समैनशिप के लिए शानदार और उत्कृष्ट सेवा के लिए २०१३ में भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार यानि पदम श्री से सम्मानित किया गया। उन्हें एक अन्य विशिष्ट अवार्ड यानि Chevalier des rts et des Lettres से फ्रांसिसी सरकार द्वारा २००८ में सम्मानित किया गया। रितु कुमार द्वारा अब अपने कारोबार को पूरे विश्व में प्रचालित किया जाता है। अपने निजी समय में एक उत्साही चित्रकार, रितु कुमार को टेक्स्टाइल्स इतिहास की खोज करने के लिए यात्रा करना पसंद है जिनसे उनके कलेक्शन प्रेरित होते है।

# होम स्पेस में सुनीत वर्मा और रूमर्स की साझेदारी

टेक्स्टाइल्स और एम्ब्रायडरी के साथ दशकों तक काम करने के बाद अब मॉडर्न होम टेक्स्टाइल्स को तैयार करने तक, सुनीत वर्मा के डिजाइन के सिद्धांत अपने उत्कर्ष तक पहुंच चुके है। एचजीएच इंडिया टीम के साथ अपने खास इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि, ''अच्छा डिजाइन सार्वभौमिक और समय से श्रेष्ठ होता है'' और सुनीत वर्मा द्वारा होम स्पेस में कार्य आरम्भ करने, रूमर्स जैसे अग्रणी फर्निशिंग ब्रांड और रूमर्स के साथ अपने सहयोग में डिजाइनर कलेक्शन के अपने लांच के लिए एचजीएच इंडिया के साथ अपनी साझेदारी पर अपनी राय व्यक्त की गई। इस इंटरव्यू का सार निम्नलिखित है:





**आप होम स्पेस में एंट्री क्यों कर रहे हैं?**

मैं होम स्पेस में इसलिए एन्ट्री कर रहा हूं क्योंकि मैं हमेशा से ही इंटेरियर्स से बहुत प्रेरित रहा हूं तथा मेरा पहला पाठ्यक्रम प्रेम भी टेक्स्टाइल्स ही रहा था। इसलिए, यदि मैं आकर्षक टेक्स्टाइल्स के प्रति अपने प्रेम तथा शानदार स्पेसेज को संयोजित कर देता हूं, तो यह मेरे लिए एक नया उपक्रम बन जाता है और यह बहुत ही रोमांचक है।

**रूमर्स टीम के साथ आपकी साझेदारी**

मैं एस्सेंट डेकॉर के साथ सहयोग करने पर बहुत अधिक उत्साहित हूं क्योंकि वे भावी सोच रखते हैं, पेशेवर हैं, और भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहुंच काफी विस्तृत है और मुझे वास्तव में उनके साथ काम करने में आनन्द आता है– यह युवाओं की बहुत उत्साही टीम है जिसके साथ सहयोग किया जा रहा है।

**एचजीएच इंडिया में आपकी भागीदारी**

एचजीएच इंडिया देश में टेक्स्टाइल्स मेलों में से सर्वश्रेष्ठ मेला है और मेरे लिए यह बहुत रोमांचकारी है तथा इसका हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है।

ग्राहक प्रोफाइल, शीर्ष रिटेलर्स से लेकर छोटे शहरों के लोग– सबसे अच्छी जगह पर स्थित स्टोर्स, और थोक व्यापारियों के संबंध में हजारों लोग वहां पर आते हैं। आप इस मेले के माध्यम से अनेक भिन्न भिन्न प्रकार के लोगों से मुलाकात कर सकते हैं तथा इस कोलाबोरेशन को लॉन्च करने के लिए यह हमारे लिए एकदम परिपूर्ण प्लेटफॉर्म है।

**अपनी न्यू लाइन तथा रूमर्स के साथ कोलाबोरेशन से क्लाइंट क्या उम्मीद कर सकते हैं**

रूमर्स के लिए फॉरएवर–मोर होम फर्निशिंग कलेक्शन लग्ज़िरियस है और इसे दुलहन के साजो सामान तथा विवाह से संबंधित ग्राहकों के लिए लक्षित किया गया है। इसकी प्रेरणा फ्रेंच बारोक अवधि और फैशनेबल कपड़ों से ली गई है और इसका टेक्स्चर, मोटिफ तथा ऑर्नामेंटेशन भी बहुत बेहतर है। कलर पैलेट सौम्य, पेस्टल तथा ओल्ड–वर्ल्ड रखा गया है। फॉरएवर मोर फीलिंग इसकी टाइमलेस अपील और रोमांसवाद से आती है।

**रूमर्स के लिए सुनीत वर्मा के द्वारा टैरेन**

शहरी होम कलेक्शन जिसकी प्रेरणा जीवन के 5 तत्वों से ली गई है। प्राकृतिक टेक्स्चर्स, शुद्ध जीवन यापन और समकालीन सौन्दर्यपरकता। प्रकृति से प्रेरित कलर पेलेट तथा 5 तत्वों के प्राकृतिक तत्व। पैटर्न्स, टेक्स्चर और एम्ब्राइडरी इन स्वरूपों को कम्प्लीमेंट करते हैं।

**भावी योजनाएं और दीर्घकालिक लक्ष्य**

वस्तुत: भावी योजना में न केवल टेक्स्टाइल्स की एस्सेंट डेकोर के

## सुनीत वर्मा: डिजाइन का जुनून

भारत के सर्वाधिक अग्रणी फैशनेबल कपड़ों के डिजाइनर, सुनीत वर्मा ऐसा नाम है जो ग्लैमर और शाश्वत शैली को अमर बनाने की क्षमता रखते हैं।१९८६ में यूरोप से अपनी डिग्री प्राप्त करने के बाद, उन्होंने पेरिस में प्रसिद्ध फैशनेबल कपड़ा डिजाइनर यवेस सेंट लॉरेंट के साथ काम करने की शुरूआत की थी। कुशल हस्तशिल्प, डिजाइन के प्रति सशक्त संवेदना, और पोशाकों के प्रति अंतर्निहित प्रेम के कारण वर्मा ब्रांड में भरपूर फेंटेसी, सेक्सी सोफिस्टिकेशन तथा आज की महिलाओं के लिए शुद्ध नारीत्व का समावेश देखने को मिलता है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे शक्तिशाली ब्रांड्स के साथ उनकी एसोसिएशन उन्हें एक ऐसा डिजाइनर बना देती है जिसका बल किसी एक आयाम तक सीमित नहीं है। जूडिथ लेबेर, बेजवेल्ड हैंडबैग्स के लिए दुनिया के सर्वाधिक प्रतिष्ठित लग्ज़री ब्रांड के साथ एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय डिजाइनर के तौर पर सुनीत ने पूरी दुनिया में शानदार सफलता और प्रशंसा प्राप्त की है। ''सुनीत वर्मा फॉर जूडिथ लेबेर'' मिनोडिएरेस की अब खुदरा बिक्री पूरी दुनिया भर में लॉस एंजेलेस, मियामी, पेरिस और टोक्यो के साथ लंदन में हैरोड्स, तथा बर्गडोर्फ गुडमैन, न्यूयार्क में जूडिथ लिबेर बुटिक में की जाती है। हर सीज़न में उनकी कलेक्शन को पेरिस में वेन्डोम फेयर में प्रस्तुत किया जाता है। उनके सिग्नेचर बैग का इस्तेमाल 'सेक्स एंड दि सिटी' स्टार सारा जेसिका पार्कर और हॉलिवुड की हस्तियों जैसे मारिया कैरी तथा जेनिफर लोपेज़ द्वारा किया जाता है। उनके डिजाइन बॉलीवुड की मशहूर तारिकाओं जैसे ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, कंगना रैनोत और प्रिटी जिंटा आदि द्वारा भी पसंद किए जाते है, और



इन्हें अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय रेड कार्पेट पर फीचर किया जाता है।

सुनीत, २००७ से लेकर आज तक बीएमडब्ल्यू मोटर्स से जुड़े हैं, और सुनीत सभी बीएमडब्ल्यू कार्यक्रमों, कार लांच और बीएमडब्ल्यू फांउडेशन परियोजनाओं को लांच करते हैं। ''फैशन एप्रिसिएशन'' इविनिंग्स की नई प्रोपर्टी को अभिकल्पित करने के बाद, वह बीएमडब्ल्यू के साथ इस समय भारत में १५ नगरों का टूर कर रहे हैं और ब्रांड के लिए नवीन आइडिया विकसित करने में लगे हैं। पिछले दर्शक में सुनीत वर्मा ने स्वारोवस्की में क्लोदिंग और इंटेरियर परियोजनाओं पर अंतर्राष्ट्रीय डिजाइनर्स के साथ काम किया है।

दिल्ली और मुम्बई में एक्स्क्लूसिव रिटेलिंग के साथ, सुनीत वर्मा के कलेक्शन को दुबई, दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, बैंगलोर और चण्डीगढ़ में अलग–अलग मल्टी–डिजाइनर स्टोर्स में भी प्रदर्शित किया जाता हैं। उन्हें दावोस में वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम पर बिजनेस समुदाय को अपने कलेक्शन को दिखाने के लिए भी आमंत्रित किया गया था।

भारत तथा दुनिया में अपने गूढ़ और रहस्यमयी काम के लिए सुनीत की प्रशंसा की जाती रही है और इन्हें एनवाईसी में बॉलीवुड फैशन काउंसिल द्वारा अनेक बार डिजाइनर ऑफ दि ईयर पुरस्कार से नवाजा गया है। परामर्शदाता डिजाइनर के तौर पर सुनीत द्वारा यूरोप और यूएसए में स्थित डिजाइन हाउसेज़ जैसे डोना करन, केल्विन क्लेन, कैरोलिना हेरेरा और निकोल मिलर के लिए भी डिजाइन तैयार किये हैं। उनके द्वारा तैयार बैग्स और स्कार्व जैसे एक्सेसरीज़ की बिक्री एनवाईसी और पूरे देश में मेट्रोपोलिटन म्यूजियम गिफ्ट शॉप्स में की जाती है।

इन्हें मिलान तथा रोम में २००५ में फैशन वीक्स में अपने कलेक्शन को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होने लंदन, पेरिस, न्यूयार्क, हांग कांग, इंडोनेशिया, बर्लिन और लास एंजेलेस में शो आयोजित किए हैं। सुनीत को टेक्स्टाइल सेक्टर के साथ काम करने के लिए और बनारस तथा दक्षिण भारतीय हैंडलूम को पुन:जीवित करने के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक काम सौंपे गए हैं।